कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (मुख्यालय) : दिल्ली

जिला एवं सत्र न्यायालय (उत्तर पश्चिम)
Office of District & Sessions Judge (NW)
रोहिणी कोर्ट प्रति रोहिणी/Outside Rohini Court
कार्यालय क्र./Diary No. 1556
30 APR 2022
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली
Rohini Courts, Delhi

परिपत्र

यह परिपत्र माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (मुख्यालय) के निर्देशानुसार जारी किया गया है। जैसा कि आप सभी जानते हैं कि इस वर्ष सम्पूर्ण राष्ट्र स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। भारत सरकार के द्वारा आज़ादी के अमृत महोत्सव का आधिकारिक लोगो जारी किया गया है, जिसके संबंध में पत्र संख्या 11779DHC/Mgt.&Coord.Cell/BMCC (District Courts) दिनांक 27-08-21 (संलग्नकों सहित) को पृष्ठांकन संख्या 25301-25461/Genl./Misc/2021 दिनांक 07-09-2021 के द्वारा कार्यालय में पहले ही परिचालित (सर्कुलेट) करवाया जा चुका है।

इस संबंध में इस स्थापना के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को यह निर्देश दिया जाता है कि इस वर्ष कार्यालय द्वारा जारी किए जाने वाले समस्त आंतरिक व बाहरी पत्राचार एवं अन्य दस्तावेजों पर आज़ादी के अमृत महोत्सव का आधिकारिक लोगो आवश्यक तौर पर मुद्रित होना चाहिए।

(पवन कुमार जैन)
जिला न्यायाधीश (वाणिज्यिक), केन्द्रीय जिला-सह-
प्रभारी न्यायाधीश, प्रशासन अनुभाग-II (केन्द्रीय),
जिला न्यायालय, दिल्ली।

संख्या 1330/-471/MISC /प्रशासन अनुभाग- II /केन्द्रीय जिला/2022 दिल्ली, दिनांक 29 APR 2022

निम्नलिखित को सूचना एवम् आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रति प्रेषित की जाती है:-

1. विद्वान महा रजिस्ट्रार, सम्मानीय दिल्ली उच्च न्यायालय, नई दिल्ली।
2. समस्त माननीय विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पश्चिम, नई दिल्ली, पूर्व, उत्तर-पूर्व, शाहदरा, उत्तर, उत्तर-पश्चिम, दक्षिण, दक्षिण-पूर्व व दक्षिण-पश्चिम जिला, राउज़ एवेन्यू, नई दिल्ली (इस अनुरोध सहित कि इस परिपत्र को आप अपने संबद्ध न्यायिक जिलों में परिचालित करवाएँ)।
3. समस्त न्यायिक अधिकारी (केन्द्रीय जिला), तीस हजारी न्यायालय परिसर, दिल्ली।
4. श्री राजकुमार चौहान, जिला न्यायाधीश (वाणिज्यिक न्यायालय),दक्षिण-पूर्व/ अध्यक्ष, केन्द्रीय हिन्दी कार्यान्वयन समिति; श्री संजीव जैन, जिला न्यायाधीश (वाणिज्यिक न्यायालय), नई दिल्ली/सदस्य, केन्द्रीय हिन्दी कार्यान्वयन समिति; श्री सुरेश कुमार गुप्ता, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, केन्द्रीय/सदस्य, केन्द्रीय हिन्दी कार्यान्वयन समिति तथा श्री हेम राज, अति. सत्र न्यायाधीश, केन्द्रीय/ सदस्य, केन्द्रीय हिन्दी कार्यान्वयन समिति, जिला न्यायालय, दिल्ली।
5. समस्त वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी (न्यायिक)/प्रशासनिक अधिकारी (न्यायिक) एवं अनुभाग प्रमुख, केन्द्रीय, तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली।
6. प्रशासनिक अधिकारी (न्यायिक) एवं अनुभाग प्रमुख, सामान्य अनुभाग, केन्द्रीय जिला, तीस हजारी न्यायालय दिल्ली।
7. निजी सचिव, कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (मुख्यालय), दिल्ली।
8. संबंधित कर्मचारी, वेबसाइट/लेयर्स, इस निर्देश के साथ कि इसे जिला न्यायालय, दिल्ली की वेबसाइट/लेयर्स पर अपलोड करें।

जिला न्यायाधीश (वाणिज्यिक), केन्द्रीय जिला-सह-
प्रभारी न्यायाधीश, प्रशासन अनुभाग-II (केन्द्रीय),
जिला न्यायालय, दिल्ली।

* नोडल अधिकारी (हिन्दी)
* प्रभारी न्यायाधीश (प्रशासन - 1, 2, 3)
[परिचालित के लिए]

विशेषाधिकारी
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (उत्तर)
4/5/2022

संख्या : 11905-11968/हिन्दी(उ.)/रोहिणी/2022 दिल्ली, दिनांक 05/5/2022

सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु उपरोक्त परिपत्र की प्रति निम्न को प्रेषित की जाती है:-

1. समस्त विद्वत न्यायिक अधिकारी, उत्तर जिला, रोहिणी न्यायालय, दिल्ली।
2. समस्त वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी (न्यायिक) व अनुभागों के अनुभाग प्रमुख, उत्तर जिला, रोहिणी न्यायालय, दिल्ली।
3. अभिलेख अधिकारी, उत्तर जिला, रोहिणी न्यायालय, दिल्ली।
4. निजी सचिव, माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उत्तर जिला, रोहिणी न्यायालय, दिल्ली।
5. संबंधित कर्मचारी, वेबसाइट/लेयर्स इस निर्देश के साथ कि इसे वेबसाइट/लेयर्स पर अपलोड करें.

सह-नोडल अधिकारी, हिंदी अनुभाग
उत्तरी जिला, रोहिणी न्यायालय, दिल्ली।


आज़ादी का
अमृत महोत्सव


Azadi Ka
Amrit Mahotsav